मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 43 ■ अंक : 25 ■ मंगलवार, 1 अप्रैल 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com FOLLOW US Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

रैंप वॉक के लिए ट्रोल हुईं जाह्नवी

# उल्हासनगर तक दौड़ेगी मेट्रो

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में रहने वाले नागरिकों के पास मुंबई पहुंचने के लिए लोकल ट्रेनों के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सड़क मार्ग से मुंबई आना न केवल समय लेने वाला है, बल्कि इसमें पैसा भी अधिक खर्च होता है। बहरहाल, जल्द ही उल्हासनगर के नागरिकों की यात्रा आसान हो जाएगी। क्योंकि उल्हासनगर में जल्द ही मेट्रो चलने वाली है। यह जानकारी मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा दी गई है।




ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो-5 लाइन को अब कल्याण के बजाय उल्हासनगर तक बढ़ाया जाएगा। मेट्रो का विस्तार खड़कपाड़ा से उल्हासनगर तक किया जाएगा। वर्ष 2024-25 के बजट के अनुसार कल्याण-खड़कपाड़ा और खड़कपाड़ा-उल्हासनगर के बीच मेट्रो-5 के 7.7 किलोमीटर विस्तार पर काम शुरू होगा। तदनुसार, बजट में प्रावधान करके इस विस्तार की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो लाइन 24.9 किलोमीटर लंबी है और इसकी लागत 8,500 करोड़ रुपये है।

इस रूट पर 17 मेट्रो स्टेशन हैं और मेट्रो ठाणे से शुरू होगी। प्रारंभिक योजना के अनुसार, मेट्रो को ठाणे से शुरू होकर कल्याण तक चलाया जाना था। हालाँकि, अब मेट्रो का विस्तार किया जाएगा और खड़कपाड़ा से उल्हासनगर तक सीधे मेट्रो चलेगी। इस मेट्रो लाइन के पहले चरण का काम जल्द ही शुरू होगा। प्रथम चरण में ठाणे-भिवंडी सेक्शन पर कार्य प्रारंभ किया गया है। मेट्रो परियोजना रूट-5 ठाणे-भिवंडी कल्याण के लिए 1,579.99 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

### एमएमआरडीए का वर्ष 2025-26 का बजट पेश...

मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का वर्ष 2025-26 का 40,187.41 करोड़ रु. का बजट संजय मुखर्जी, आईएएस द्वारा प्रस्तुत किया गया. मुंबई महानगर क्षेत्र के नागरिकों को अधिक एवं विश्वस्तरीय सेवा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए रु. 35,151.14 करोड़ रुपये या कुल व्यय का लगभग 87% हिस्सा बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए आरक्षित किया गया है। यह प्रावधान मेट्रो लाइनों के विस्तार, नई सुरंगों, समुद्री मार्गों, जल संसाधन विकास और शहरी बुनियादी ढांचे जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के लिए किया गया है। यह बजट मुंबई महानगर क्षेत्र में एकीकृत, संतुलित और तीव्र विकास को बढ़ावा देगा तथा यात्रा समय और दूरी को कम करके यातायात की भीड़ से राहत प्रदान करेगा।



### भाजपा की कोशिशों से उल्हासनगर मेट्रो को मंजूरी



कल्याण खड़कपाड़ा से उल्हासनगर तक मेट्रो ट्रेन के प्रकल्प योजना को मंजूरी मिल गई है जिससे अब उल्हासनगर तक मेट्रो के विकास में एक और सफलता मिल गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने बताया कि उनकी और उनके टीम की कोशिशों से इस प्रकल्प को मंजूरी मिली है। ज्ञात हो कि इस मार्ग में सात स्टेशन बनाए जाएंगे यह भी सुनिश्चित किया गया है। 2051 तक इस मार्ग पर प्रतिदिन 5 .44 लाख लोग वातानुकूलित मेट्रो में सफर कर सकेंगे।

# उल्हासनगर में गांजा तस्कर गिरफ्तार

- उल्हासनगर-1 के गुलशन नगर परिसर में गिरफ्तारी
- 4 किलोग्राम 342 ग्राम गांजा बरामद
- तस्कर से मोटर साइकिल भी जब्त





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर पुलिस ने गांजा तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुलशन नगर आयडिया घाट इलाके में एक व्यक्ति गांजा की तस्करी करने के लिए आने वाला है। सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विष्णु ताम्हणे के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारी लहू सातपुते के नेतृत्व में टीम ने मौके पर जाल बिछाकर आरोपी को धर दबोचा।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 4 किलोग्राम 342 ग्राम गांजा, एक मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि जब्त किए गए गांजे की कीमत 86,840 रुपये आंकी गई है, मोटरसाइकिल की कीमत 50,000 रुपये और मोबाइल फोन की कीमत 10,000 रुपये है। कुल मिलाकर 1,46,840 रुपये का माल जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# शहर में बर्गमैन चोर सक्रिय

- CCTV में पहले भी कैद हुआ वही चोर
- एक बार फिर की बर्गमैन चोरी
- चोरी कर पुलिस को दिया चैलेंज

**उल्हासनगर.** शहर में इन दिनों बर्गमैन दुपहिया वाहन का चोर सक्रिय हो गया है। यह चोर कई स्थानों से दुपहिया वाहन चोरी कर चुका है। CCTV में पहले भी कैद यह चोर कैद हो चुका है। इस बार भी 18 मार्च 2025 को विठ्ठलवाड़ी पुलिस क्षेत्र में रोहित आहुजा की दुपहिया बर्गमैन को रात 11.30 बजे चोरी कर फरार हो गया है। पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया है लेकिन यह बर्गमैन चोर अभी भी पुलिस को हत्थे नहीं चढ़ा है। इस लंबे काठी का चोर मुंह पर रुमाल और टोपी पहने दुपहिया वाहनों को बिल्डिंगों से चोरी करता है जहां वाचमैन नहीं होते लेकिन सीसीटीवी की कैद में कई बार आ चुका है। इस अज्ञात लंबे चौड़े चौर कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग शहरवासियों ने की है।

# चेटीचंड महायात्रा में उमड़ा जनसैलाब







- सिंधी समाज के नववर्ष पर सड़कों पर उतरे भक्त
- भव्य झांकियों ने शोभा यात्रा की शान बढ़ाई
- संत महात्माओं ने भी की शिरकत






**उल्हासनगर.** सिंधी समाज के नववर्ष महापर्व चेटीचंड पर पिछले 18 वर्षों से महायात्रा का आयोजन उल्हासनगर-2 भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर से उल्हासनगर-5 चालीहा साहिब झूलेलाल मंदिर तक बड़े जुलूस के साथ किया जाता है। शहर की सड़कों पर सिंधी समाज ने उतरकर इस पर्व का आनंद लिया। इस भव्य जुलूस में भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई थी जिसे देखने के लिए लोगों का भारी देखने को मिली।

चेटीचंड महायात्रा समिति द्वारा इस ऐतिहासिक महायात्रा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष रविवार 30 मार्च को सुबह 11 बजे से उल्हासनगर-2 भाऊ परसराम झूलेलाल मंदिर से इस महायात्रा की शुरुआत मुख्य बाजारों से होते हुए यह यात्रा उल्हासनगर-5 चालिहा साहेब मंदिर तक रात 11 बजे समाप्त हुई। इस ऐतिहासिक महायात्रा में श्रद्धालुओं के लिए ठंडा पेय व प्रसाद का जगह-जगह प्रबंध किया गया। यात्रा में कल्याण के सांसद श्रीकांत शिंदे समेत शहर के संत महात्माओं ने भी शिरकत की। लाई साईं के भक्त अपने इष्ट देव झूलेलाल भगवान का जयकारा लगाते हुए इस जुलूस में नजर आए। कलाकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। भगवान शिव, भगवान विष्णु, भगवान झूलेलाल, भगवान हनुमान आदि भगवानों की वेशभूषा में कलाकार देखे गए। शहर के व्यापारियों ने भी अपनी दुकानों के बाहर मेले जैसा माहौल बनाया हुआ था। भगवान झूलेलाल की इस ऐतिहासिक चेटीचंड महायात्रा में हजारों ने इस भीषण गर्मी में शामिल होकर सिंधी एकता की मिसाल बनाई। चेटीचंड के उपलक्ष्य में शहर में कई कार्यक्रम विभिन्न स्कूलों व मंदिरों में भी किया गया। चालीहा साहिब मंदिर में भी रातभर मेले की धूम मची रही।

# अंबरनाथ शिवसेना महिला कार्यकारिणी की घोषणा

- मीना सुरेश वालेकर की जिला उप संघटक पद पर नियुक्ति

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शिवसेना शिंदे गट महिला आघाड़ी की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है. मीना ताई सुरेश वालेकर की शिवसेना जिला उप संघटक पद पर नियुक्ति की गई है. मीना ताई की नियुक्ति से अंबरनाथ की राजनीति को एक नई दिशा प्राप्त होगी. ऐसी चर्चा शहर में है. शिवसेना उप नेता विजयताई पोटे तथा कल्याण जिला संघटक छाया वाघमारे ने 250 महिलाओं को विविध संघटना पदों पर नियुक्ति की गई है. आगामी नगर परिषद के चुनाव में शिवसेना का ही झंडा लहरायेगा, ऐसा विश्वास जताया गया है.

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, सांसद श्रीकांत शिंदे एवं कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे के मार्गदर्शन में विजयाताई पोटे एवं छाया वाघमारे ने हाल ही में अंबरनाथ शिवसेना महिला आघाड़ी की घोषणा की है. मीनाताई वालेकर को उप जिला संघटक बनाया गया है. अंबरनाथ शहर महिला संघटक पद पर मालती पवार की नियुक्ति की गई है. अंबरनाथ पूर्व में आयोजित पत्रकार परिषद में ये घोषणा की गई है. विधानसभा संघटक पद पर सुप्रिया, अनिता लोटे आदि की नियुक्ति की गई है. महिलाओं में विभाग, शाखा संघटक, उप शाखा संघटक आदि पदों पर भी नियुक्ति किया गया है.

# अंबरनाथ ईदगाह मैदान में 30 हजार मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा की



- पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में ईद-उल-फित्र अकीदत और अमन व शांति के साथ मनाई गई. गैबन शाह वली दर्गा ईदगाह मैदान में नमाज आदा करने के लिए मुसलमानों ने दूर तक कतार लगा दिया था. ईदगाह मैदान में 25 से 30 हजार मुसलमानों ने नमाज अदा की. इस अवसर पर पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त रहा. ईद की पहली जमात मदीना मस्जिद के ईमाम मौलाना जहीर अहमद साहेब ने दूसरी जमात गैबन शाह दर्गा मस्जिद के ईमान मौलाना नौशाद रजा और तीसरी जमात जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अमीन रजा साहेब ने पढ़ाया. सभी इमामों ने मुसलमानों से अपील की कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें. बच्चों को पढ़ा-लिखाकर वकील, डॉक्टर, इंजीनियर बनाएं. शिक्षण के साथ अपने धर्म की जानकारी देते हुए उन्हें कुरआन की तालीम दें. ईद की नमाज के बाद मुसलमानों को ईद की मुबारकबाद देने के लिए ईदगाह मैदान में विधायक किणीकर पहुंचे. डीसीपी जोन-4, एसीपी अंबरनाथ एवं वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे स्वतः उपस्थित थे. मुस्लिम जमात अध्यक्ष सलीम चौधरी ने शहर के मुस्लिमों एवं गैर मुस्लिमों से अपील की कि वह राष्ट्रीय सद्भावना को कायम रखते हुए शहर के विकास में भाग लें. गैर मुस्लिम भाइयों ने मुसलमानों के घरों में जाकर गले मिलकर उन्हें ईद की बधाई दी. मुस्लिमों ने भी उन्हें शीर खुरमा पेश किया जो कि ईद के बनाई जाने वाली स्पेशल डिश होती है.

# उल्हासनगर में बड़ा हादसा टला

- ट्रक बिजली के खंभे से जा टकराया
- बिजली विभाग ने तत्काल बिजली बंद की
- उल्हासनगर 4 साईबाबा नगर की घटना



ट्रक चालक की लापरवाही से हो सकता था बड़ा हादसा

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में एक ट्रक चालक की लापरवाही के कारण बड़ा हादसा हो सकता था। यह हादसा उल्हासनगर 4 साईबाबा नगर हरिओम बेकरी परिसर का है जहां ट्रक चालक तेज गति से ट्रक चला रहा था और उसने हाई वोल्टेज बिजली लाइन को टक्कर मार दी। परिणामस्वरूप लोहे का बिजली का खंभा पूरी तरह झुक गया। यह एक उच्च-वोल्टेज बिजली लाइन है और इसके पास में कई आवासीय परिसर हैं। ऐसे में ऐसी प्रबल संभावना थी कि कई लोग इसक हादसे का शिकार हो सकते थे। महावितरण को तत्काल सूचित करने के बाद, महावितरण ने बिजली लाइन की बिजली आपूर्ति बंद कर दी। इस बीच, महावितरण के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं और उन्होंने तुरंत वहां काम शुरू कर दिया है।

# अंबरनाथ में बाइक चोर गिरफ्तार

- अंबरनाथ से की चोरी
- पुलिस ने पीछा कर पकड़ा
- चोर से पूछताछ जारी
- चोरी की बाइक जब्त




**अंबरनाथ.** नजीर खान नामक व्यक्ति ने अपनी बाइक अंबरनाथ शहर से गुजरने वाले कल्याण बदलापुर राजमार्ग के किनारे खड़ी की थी। हालाँकि, यह बाइक एक चोर द्वारा चुरा ली गई थी।

पुलिस ने इलाके के सभी सीसीटीवी खंगाले। फिर भी चोर का पता नहीं चल सका। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दोपहिया वाहन पर सवार होकर आ रहा है। तदनुसार, पुलिस ने आरोपी अकील खान का पीछा किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके द्वारा चुराया गया दोपहिया वाहन भी जब्त कर लिया। इस बीच, पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अकील ने ऐसी और कितनी बाइकें चुराई हैं।

# भगत श्री खूबचंद हशमतमल पुरस्वानी का वर्सी महोत्सव 1 से 3 अप्रैल तक




**उल्हासनगर.** भाजपा नेता जमनू पुरस्वानी के पिता साहिब भगत श्री खुबचंद हशमतमल पुरस्वानी का 30वां वर्सी महोत्सव 1 से 3 अप्रैल 2025 तक धूमधाम से मनाया जाएगा। इस महोत्सव में सतना मध्य प्रदेश से महंत बाबा पुरुषोत्तम दास जी विशेष रूप से आ रहे हैं।

साथ ही अलग-अलग प्रांतों से भी संत महात्माओं ने इस वर्सी महोत्सव में सत्संग प्रवचन का भी आयोजन किया गया है। मंगलवार 1 अप्रैल को सुबह 12 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ होगा साथ ही रात 8 बजे सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम वसण शाह दरबार के संत साईं ओमी राम साहिब द्वारा किया गया है। बुधवार 2 अप्रैल 2024 को सुबह 11 बजे श्री सुखमनी साहिब पाठ व आरती अरदास भगत मंडली बाबा मेहरशाह दरबार द्वारा किया गया है। दोपहर 1 बजे संत महात्माओं व ब्राह्मणों का भोज होगा। वहीं रात 8 बजे राधे कृष्णा सत्संग श्री गिरिष गोवर्धन दास जी द्वारा संत मधुसूदन बापूजी आश्रम द्वारा किया गया है। रात 9 बजे सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम भगत मंडल अनिल भगत एवं साथियों द्वारा कार्यक्रम रखा गया है।

गुरुवार 3 अप्रैल 2025 को सुबह 12 बजे श्री गुरु ग्रंथसाहिब के पाठ का भोग साहिब और दोपहर 2 बजे से आम लंगर साहिब व प्रसाद वितरण कार्यक्रम भगत खूबचंद पैलेस, बैरक नं. 33/10, ममता हॉस्पिटल के सामने, उल्हासनगर-1 में आयोजित किया गया है। पुरस्वानी परिवार द्वारा सभी से निवेदन है कि इसमें शामिल होकर आर्शिवाद लें।

# आश्वासन के बाद किसानों ने आंदोलन किया स्थगित

- 12 दिन से किसान अनशन पर थे




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व पालेगांव एमआईडीसी में किसानों ने अपनी जमीन को लेकर गत 12 दिनों से आंदोलन छेड़ रखा था. आमरण अनशन पर वे बैठ गए थे. 12वें दिन उनके साथ विधायक एवं अधिकारियों ने चर्चा की. आखिर किसानों ने अपना अनशन स्थगित कर दिया है. अंबरनाथ के तहसीलदार अमित पुरी ने अनशनकर्ता किसानों को शरबत पिया. शुक्रवार शाम में एमआईडीसी के उप मुख्यकार्यकारी अधिकारी डॉ. धनंजय सावलकर की अध्यक्षता में विधायक डॉ. बालाजी किणीकर और विधायक सुलभा गायकवाड़ की उपस्थिति में किसानों की बैठक ली गई. बैठक में किसानों की तीन मुख्य मांगों पर सकारात्मक चर्चा के बाद अनशनकर्ताओं को लिखित में आश्वासन दिया गया. शासन प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार अमित पुरी ने अनशनकर्ताओं को आश्वासन पत्र दिया. आखिर 12वें दिन किसानों ने अपना अनशन स्थगित किया. पत्रकारों को तहसीलदार ने बताया कि एमआईडीसी के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी की अध्यक्षता में किसानों की तीन प्रमुख मांगों पर चर्चा की गई है, जिसमें काकोले और पालेगांव के सर्वे नंबर का समावेश है. प्रमुख 3 मांगें शासन स्तर पर होने के कारण पूरी रिपोर्ट काल मर्यादा में पेश की जाएंगी. मांगों पर ठीक चर्चा होने पर किसानों ने प्रसन्नता जताई है.

# मेल-एक्सप्रेस से चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार

- डोंबिवली, कल्याण रेलवे क्षेत्र में 6 अपराधों का खुलासा



**कल्याण.** नवी मुंबई के रबाले गांव के एक 29 वर्षीय चोर को कल्याण रेलवे अपराध शाखा की टीम ने बदलापुर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस चोर के पास से पांच लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है। उसने पुलिस के सामने 6 अपराध कबूल कर लिए हैं। गिरफ्तार चोर की पहचान साहिमत अंजुर शेख (29) के रूप में हुई है, जो मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में यात्री के रूप में यात्रा करता था और रात में सोए हुए यात्रियों से सोने के गहने और मोबाइल फोन चुराता था.

शनिवार को एक महिला निजामुद्दीन एक्सप्रेस में यात्रा कर रही थी। अपर कोपर रेलवे स्टेशन से निकलते ही इस महिला का पर्स चोरी हो गया। इस मामले में कल्याण लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। चोरी की जांच करते समय पुलिस को विश्वसनीय जानकारी मिली कि नवी मुंबई के रबाले गांव का निवासी सहीमत शेख चोरी कर रहा है। रेलवे पुलिस की अपराध शाखा की एक टीम ने सहीमत शेख के बारे में जानकारी प्राप्त की और उसे बदलापुर से गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछताछ शुरू हुई तो उसने डोंबिवली और कल्याण रेलवे क्षेत्र में कुल छह चोरियां करना कबूल किया। पुलिस ने उसके पास से 5 लाख रुपये मूल्य के मोबाइल फोन, सोने के आभूषण और एक आईपैड जब्त किया है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## थाईलैंड-म्यांमा में कुदरत का कहर

थाईलैंड और म्यांमा में शुक्रवार को आए भूकम्प और उससे हुई तबाही ने एक बार फिर दुनिया के सामने इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर ठोस उपाय करने की जरूरत को रेखांकित किया है। म्यांमा में रिक्टर स्केल पर इस भूकम्प की तीव्रता 7.7 मापी गई। अमेरिकी जियोलाजिकल सर्वे के मुताबिक म्यांमा में पहले झटके के बारह मिनट के बाद दूसरा झटका आया, जिसकी तीव्रता 6.4 थी। खबरों के मुताबिक, इस भूकम्प से भारी तबाही हुई है और हजारों लोगों के मरने की आशंका है। वहीं थाईलैंड की राजधानी बैंकाक में भी कई इलाकों से इमारतों के गिरने, सड़कों में दरारें आने और पुल के धराशायी होने सहित बड़े पैमाने पर नुकसान होने की खबरें आईं।

बताया जा रहा है कि बीते एक दशक के दौरान यह पहली बार है जब बैंकाक में इतना तेज भूकम्प महसूस किया गया। हालांकि थाईलैंड को भूकम्प के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील नहीं माना जाता है, शायद इसीलिए वहां भवनों को बनाने के क्रम में भूकम्परोधी तकनीक का इस्तेमाल करना बहुत जरूरी नहीं माना जाता। मगर चूंकि थाईलैंड के पड़ोस में स्थित म्यांमा में अधिक भूकम्प आते हैं, इसलिए उसके असर से इस बार नुकसान का दायरा ज्यादा होने की आशंका है।

दरअसल, इस स्तर के भूकम्प के तुरंत बाद उससे हुई क्षति का आकलन नहीं हो पाता है, लेकिन बाद में आमतौर पर तबाही का दायरा बड़ा दर्ज किया जाता है। यही वजह है कि म्यांमा के बड़े हिस्से में आपातकाल का एलान कर दिया गया। इस तरह की किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में स्वाभाविक ही सबसे पहली जरूरत प्रभावित इलाकों में तुरंत पीड़ितों के लिए हर जरूरी चीजों की सहायता पहुंचाना होती है। इसी के मद्देनजर भारत ने बिना देर किए तबाही पर चिंता जाहिर करते हुए मदद की पेशकश की।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संभव सहायता देने और अधिकारियों को तैयार रहने को कहा। पिछले कुछ दशकों से कुदरती आपदाओं के स्वरूप में तेजी से बदलाव आता दिख रहा है। भारत में भी आए दिन भूकम्प के झटके किसी बड़ी आशंका के संकेत हो सकते हैं। प्राकृतिक आपदा को रोका नहीं जा सकता, लेकिन उससे बचाव के पुख्ता इंतजाम करके उससे होने वाले नुकसान को कम जरूर किया जा सकता है।

# दांव पर न्यायपालिका की साख, जनता कैसे करे भरोसा

दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास में आग लगने के दौरान मिले अधजले नोटों ने एक बार फिर न्यायपालिका को कठघरे में खड़ा करने का काम किया। इस मामले से न्यायपालिका में भ्रष्टाचार का प्रश्न फिर से सतह पर आ गया है और वह व्यापक चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके पहले भी कई बार उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन विडंबना यह है कि किसी भी मामले की नीर-क्षीर ढंग से जांच नहीं हो सकी और न ही आरोपित न्यायाधीश को महाभियोग के जरिये हटाया जा सका।

आम जनता उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीशों को इस निगाह से देखती है कि वे संविधान और साथ ही सामान्य जन के अधिकारों के रखवाले हैं। जब-जब न्यायाधीशों के भ्रष्टाचार का मामला सामने आता है, तब-तब आम जनता का न्यायपालिका पर से भरोसा डिगता है। समय के साथ यह धारणा आम होती जा रही है कि न्यायपालिका अपना काम सही तरह नहीं कर रही है। अदालतों से जिन लोगों का वास्ता पड़ता है, उनमें तो यह धारणा कहीं अधिक प्रबल है, क्योंकि उन्हें समय पर न्याय नहीं मिलता।

निचली अदालतों की दयनीय दशा से आम लोग कहीं अधिक अवगत हैं, जहां तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम रहता है और लंबित मामलों की संख्या करोड़ों में है। उच्च न्यायालयों एवं उच्चतम न्यायालय के हालात भी उन लोगों से छिपे नहीं, जिनके मामले वहां



चल रहे हैं। चूंकि जनता का एक छोटा प्रतिशत ही न्याय पाने के लिए उच्चतर न्यायपालिका के दरवाजे पहुंचता है, लिहाजा शेष जनता यह मानकर चलती है कि नेताओं और नौकरशाहों के मुकाबले उच्चतर न्यायपालिका के न्यायाधीश उसकी समस्याओं का समाधान करने में कहीं अधिक तत्पर हैं, पर अब ऐसा कहना कठिन होता जा रहा है। जस्टिस वर्मा के मामले के बाद ऐसा कहना और कठिन होगा।

उच्चतम न्यायालय ने जस्टिस वर्मा के मामले की जांच के लिए तीन न्यायाधीशों की एक समिति गठित कर दी है। वह यह पता लगा रही है कि जस्टिस वर्मा के घर मिले अधजले नोट किसके थे और कहां से आए? इसकी जांच इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जस्टिस वर्मा कह रहे हैं कि उन्हें नहीं पता कि अधजले नोट किसके हैं और कहां से आए? वे खुद को फंसाए जाने की साजिश की ओर संकेत करते हुए यह भी कह रहे हैं कि उनके आवास के जिस आउटहाउस में आग लगी, वहां उनका या उनके परिवार के सदस्यों का आना-जाना नहीं था। उनका यह भी कहना है कि आउटहाउस में आग लगने के दौरान नोट जले, इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई।

नैतिकता का तकाजा यह कहता था कि मामले की जांच होने तक जस्टिस वर्मा को छुट्टी पर भेजा जाता। इसके बजाय उन्हें वापस उनके पैतृक हाई कोर्ट भेजा गया। हालांकि उन्हें कोई न्यायिक काम नहीं दिया जाएगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कोलेजियम के फैसले से इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन समेत अन्य उच्च न्यायालयों की बार एसोसिएशन सहमत नहीं। इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने तो जस्टिस वर्मा के शपथग्रहण समारोह का बहिष्कार करने की घोषणा भी कर दी है। वैसे यह भी एक तथ्य है कि कई बार न्यायाधीश एवं वकील मिलकर ही ऐसे काम करते हैं, जिनसे तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम होता है अथवा न्याय नहीं मिलता।

जस्टिस वर्मा के आवास में अधजले नोट मिलने के मामले में इस पर आश्चर्य होता है कि आखिर पुलिस ने इस गंभीर प्रकरण की जांच तत्काल क्यों नहीं शुरू की? इसके साथ ही सीबीआइ, ईडी जैसी एजेंसियां क्यों नहीं सक्रिय हुईं? क्या कारण रहा कि नोट जलने की घटना की भी एफआइआर दर्ज नहीं की गई? यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यदि ऐसे ही अधजले नोट किसी कारोबारी, नौकरशाह अथवा अन्य किसी के यहां मिलते तो क्या वैसा ही होता, जैसा जस्टिस वर्मा को लेकर हुआ? क्या तब भी पुलिस और न्यायपालिका इसी तरह व्यवहार करती?




हमारी प्रत्येक साँस अनमोल है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# घुसपैठ, मुठभेड़ और शहादतों का दौर जारी

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए देश और इसके समूचे तंत्र की कितनी ऊर्जा लगी है, यह सभी जानते हैं। विडंबना यह है कि दशकों पहले से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने दावे तो बहुत किए, वक्त के साथ नए उपाय भी किए गए, लेकिन आज भी वहां जिस स्तर की आतंकवादी गतिविधियां चल रही दिखती हैं, वह देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। गौरतलब है कि हाल ही में सुरक्षा बलों को यह खबर मिली थी कि पाकिस्तान से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के कुछ सदस्य घुसपैठ कर कठुआ के जंगलों में छिप गए हैं।

उन्हीं आतंकवादियों की तलाश में जम्मू-कश्मीर की पुलिस की अगुवाई में अभियान चलाया जा रहा था। इस बीच गुरुवार की सुबह पुलिस बल ने आतंकियों के एक समूह को घेर लिया। इसके बाद हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया, लेकिन इस क्रम में तीन पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए और सेना के दो जवानों सहित सात अन्य घायल हो गए।

इसमें कोई दोराय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल और वहां की पुलिस ने आतंकियों से मोर्चा लेने के मामले में हमेशा ही सजगता बरती है और इसमें उन्हें काफी हद तक कामयाबी मिली है। मगर यह भी कड़वी हकीकत है कि आज भी वहां आतंकवादी संगठन इस रूप में अपनी मौजूदगी बनाए हुए हैं कि वे सुरक्षा बलों के शिविरों पर हमला कर देते हैं और कई बार उनकी जान भी चली जाती है। सुरक्षा बलों या किसी पुलिसकर्मी की शहादत की घटना दरअसल यह विचार करने की जरूरत को रेखांकित करती है कि आतंकियों से



निपटने की रणनीति में क्या किसी बदलाव की जरूरत है! क्या इस समस्या की तहों में जाना अब भी बाकी है?

जम्मू-कश्मीर में इतने लंबे समय तक प्रकारांतर से केंद्र सरकार का शासन रहा, सुरक्षा बलों की ओर से हर स्तर पर सावधानी और सख्ती बरती गई, अक्सर मुठभेड़ों में आतंकियों को मार गिराने में कामयाबी मिली, उसके बावजूद यह समझना मुश्किल है कि आज भी आतंकियों के हौसले में कमी क्यों नहीं आ पा रही है। क्या यह उनके आतंकी तंत्र के मजबूत संजाल और सीमापार से परोक्ष सहयोग के बूते हो रहा है या फिर कहीं किसी स्तर पर उनके पांव को राज्य से उखाड़ने के प्रति और ज्यादा सख्ती और गंभीरता की जरूरत है?

जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रपति शासन खत्म होने के बाद जब लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार ने काम करना शुरू किया था, तब उससे उपजी एक उम्मीद यह भी थी कि अब वहां नए सिरे से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई शुरू होगी। मगर अब भी वहां सरकार के कामकाज का कोई ऐसा ठोस असर सामने नहीं आया है, जिससे आतंकियों के हौसले पस्त हों। वरना क्या वजह है कि हर स्तर पर निगरानी या चौकसी के बावजूद आए दिन आतंकी संगठन सुरक्षा बलों पर हमले कर देते हैं और उसमें कई जवान शहीद हो जाते हैं।

केंद्र सरकार यह दावा जरूर करती है कि पिछले कुछ समय में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में कमी आई है, मगर अक्सर सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ, उनसे सुरक्षा बलों की मुठभेड़, कुछ आतंकियों के मारे जाने के साथ-साथ सेना या पुलिस के जवानों की शहादत से यही लगता है कि वहां इस समस्या की जड़ें कायम हैं और शांति फिलहाल दूर की कौड़ी है। बल्कि पिछले कुछ वर्षों में आतंकियों के लक्षित हमलों में प्रवासी मजदूरों के मारे जाने की घटनाओं ने हालात के और जटिल होने को रेखांकित किया है।

# नहीं हो रही है शादी तो इस मंदिर में करें दर्शन!

इस मंदिर की कहानी दिलचस्प है. लोगों में मान्यता है कि अगर बेटे या बेटी का रिश्ता नहीं तय हो रहा है तो

**जरा हट के**

इस मंदिर में दर्शन करने मात्र से काम बन जाएगा. रायबरेली के शहर स्थित मनसा देवी मंदिर के मुख्य पुजारी मन्नालाल शुक्ला बताते हैं कि हमारे पूर्वज बताया करते थे कि यहां लगभग 150 वर्ष पूर्व विशाल जंगल हुआ करता था, जिसमें मंसाराम बाबा रहा करते थे. उन्हें स्वप्न में एक मूर्ति ने दर्शन दिया और उनसे कहा कि मुझे निकाल कर यहां स्थापित करें. स्वप्न की बात उन्होंने सुबह जब लोगों से बताई तो लोगों ने उनकी बात मानते हुए यहां मूर्ति स्थापित करा दी. तब से लेकर आज तक ये मंदिर लोगों की आस्था का केंद्र बना हुआ है.

मंदिर में दर्शन करने आईं रायबरेली के प्रगतिपुरम निवासी महिला श्रद्धालु रंजना सिंह कहती हैं कि मैं बीते 15 वर्षों से इस मंदिर में दर्शन करने के लिए आती रही हूं. ये मंदिर लोगों की



आस्था का अटूट केंद्र है. यहां की एक खास मान्यता है कि जिस किसी भी युवक या युवती की शादी नहीं हो रही है वो इस मंदिर में दर्शन करें. माता जी की कृपा से उसे सच्चा जीवन साथी मिल जाएगा.मनसा देवी मंदिर के मुख्य पुजारी मन्नालाल शुक्ला बताते हैं कि हमारी चार पीढ़ियां इसी मंदिर में सेवा करती आई हैं. हमारे पूर्वज बताते थे कि ये मंदिर लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना है. यहां पर बहुत बड़ा जंगल हुआ करता था. उस जंगल में मनसाराम बाबा रहते थे. इस मंदिर की स्थापना उन्हीं के पहल पर की गई. उन्होंने यहां पर मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू की. तभी से ये मंदिर लोगों की आस्था का अटूट केंद्र बना हुआ है. नवरात्र में यहां दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं.

# ओट्स मूंगदाल टिक्की

खाना-खजाना

भारत में समोसा सबसे ज्यादा खाया जाने वाला स्नैक है। इसे आलू, मसाले और मैदे से तैयार किया जाता है। अगर आप 4 लोगों के लिए समोसे बनाना चाहते हैं, तो यह आसान रेसिपी आपके लिए परफेक्ट रहेगी।

**सामग्री :**

- 2 कप मैदा
- 4 बड़े चम्मच तेल (मोयन के लिए)
- छोटा चम्मच नमक
- छोटा चम्मच अजवायन
- जरूरत के अनुसार पानी
- 4 मध्यम आकार के आलू (उबले और मैश किए हुए)
- कप हरी मटर (उबली हुई)
- 1 छोटा चम्मच धनिया पाउडर
- छोटा चम्मच गरम मसाला
- छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- छोटा चम्मच जीरा
- छोटा चम्म

**विधि :**

एक बड़े बर्तन में मैदा, नमक, अजवायन और तेल डालकर अच्छी तरह मिला लें। धीरे-धीरे पानी डालते हुए सख्त आटा गूंथें। इसके बाद 20 मिनट के लिए ढककर रख दें। अब एक पैन में थोड़ा सा तेल गरम करें और उसमें जीरा डालें। अदरक-लहसुन पेस्ट डालकर भून लें, फिर हरी मटर डालें और हल्का भून लें। अब मैश किए हुए आलू डालें और सभी मसाले डालकर अच्छी तरह मिलाएं। दो मिनट तक पकने के बाद आंच बंद करें और मिश्रण ठंडा होने दें। इसके बाद गूंथे हुए आटे की छोटी-छोटी लोइयां बना लें और बेलकर अर्धचंद्राकार काट लें। इसे कोन का आकार दें और तैयार आलू भरावन भरकर किनारों को अच्छे से सील कर दें। एक कड़ाही में तेल गरम करें और मध्यम आंच पर समोसे को सुनहरा और कुरकुरा होने तक तल लें। गर्मागर्म समोसे हरी चटनी और इमली की चटनी के साथ परोसें।



यह चाय के साथ भी और मजेदार लगती है।

# क्या स्ट्रेस से माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है?

## इन 5 तरीकों से सिरदर्द को करें मैनेज

आज कल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग न तो हेल्दी चीजें खा पा रहे हैं और न ही चैन की नींद ले पा रहे हैं। इससे उन्हें कई तरह की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सीधा असर उनके दिमाग पर पड़ रहा है। ऐसे में वे तनाव का भी शिकार हो रहे हैं। माइग्रेन भी उन्हीं में से एक है। कुछ लोगों को लगातार सिरदर्द की समस्या हो सकती है जो घंटों या दिनों तक बनी रहती है।

ऐसे में सिरदर्द माइग्रेन का संकेत हो सकता है। इसलिए इसे नजरअंदाज न करें आज हम



आपको स्ट्रेस और माइग्रेन के बीच का संबंध बताने जा रहे हैं। ये भी बताएंगे कि इससे बचने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं-

### एक साइड होता है सिरदर्द

आपको बता दें कि माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है। इसमें सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। कई बार यह दर्द इतना भयंकर होता है कि लोग किसी भी काम पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाता है। कई रिसर्च बताते हैं कि जब कोई इंसान तनाव में होता है तो उसके शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे हार्मोन ज्यादा मात्रा में रिलीज होते हैं।

ये हार्मोन ब्लड वेसेल्स को प्रभावित करते हैं, जिससे दिमाग में ब्लड फ्लो प्रभावित होता है और माइग्रेन अटैक की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि कई लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं। इससे ये बीमारी और भी गंभीर हो जाती है।

### माइग्रेन से बचने के लिए करें ये काम

- स्ट्रेस कम करने के लिए आप मेडिटेशन, डीप ब्रीदिंग एक्सरसाइज और योग का सहारा ले सकते हैं। इससे न केवल आपको मानसिक शांति मिलेगी बल्कि माइग्रेन अटैक की संभावना भी कम होगी। आप तनाव को कम करने के लिए गाना भी सुन सकते हैं।
- रोजाना हल्की एक्सरसाइज, जैसे वॉकिंग, साइकलिंग या स्ट्रेचिंग करने से भी आपका मूड अच्छा रह सकता है। दरअसल इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है जिससे माइग्रेन से भी राहत मिलती है।
- तनाव मुक्त रहने के लिए जरूरी है कि आप भरपूर नींद लें। कहा जाता है कि सात से आठ घंटे की नींद आपको जरूर लेनी चाहिए। ये आपका मूड तो अच्छा रखेगा ही, आपको कई बीमारियों से भी बचाने में मददगार होगा। इसके अलावा ये माइग्रेन से भी राहत दिलाता है।
- ज्यादा कैफीन, तली-भुनी चीजें और प्रोसेस्ड फूड माइग्रेन को ट्रिगर कर सकते हैं। इसलिए हेल्दी डाइट लें और हाइड्रेटेड रहें।
- लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल स्क्रीन देखने से आंखों पर दबाव बढ़ता है, जिससे माइग्रेन ट्रिगर हो सकता है। इसलिए हर 30-40 मिनट में ब्रेक लेना न भूलें।

## आज का राशिफल

**मेष :** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

**वृषभ :** कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा।

**मिथुन :** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क :** बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े।

**सिंह :** कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे।

**कन्या :** रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें।

**तुला :** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**वृश्चिक :** व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के उकसाने में न आकर निर्णय स्वयं लें.

**धनु :** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी।

**मकर :** किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। भ्रम की स्थिति बन सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। थकान व कमजोरी महसूस होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**कुंभ :** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। बड़ी समस्या से निजात मिलेगी।

**मीन :** आंखों को चोट व रोग से बचाएं। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। फालतू खर्च होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# दिनभर महकेगा घर, चीटियां, कीड़े और मच्छर भी रहेंगे दूर

## इसके लिए अपनाएं यह आसान ट्रिक्स

खुशबू का मूड से गहरा रिश्ता है. अच्छी फ्रेग्नेंस दिन को अच्छा बना देती है और इससे घर का माहौल खुशनुमा भी बना रहता है. घर में जो भी मेहमान आता है, वह भी कभी आपके घर को भूल नहीं पाता. लेकिन अच्छी फ्रेग्नेंस के लिए लोग बाजार से महंगे रूम फ्रेशनर खरीदते हैं. इसकी जरूरत नहीं है क्योंकि घर पर भी इन्हें आसानी से बनाया जा सकता है. इनसे मच्छर और कीड़े-मकोड़े भी घर से दूर रहते हैं.



### बड़े काम के एसेंशियल ऑयल

एक बर्तन लें. इसमें लेमन या लैवेंडर के एसेंशियल ऑयल की 20-30 बूंदें 2 कप पानी में मिलाएं. अब 2 चम्मच बेकिंग सोडा लें और इसे अच्छे से मिक्स कर लें. इसके बाद इसे एक स्प्रे बॉटल में डाल दें. जब भी बदबू महसूस हो, इसे घर के कोनों में छिड़क दें. घर महक उठेगा.

### टॉयलेट की बदबू होगी दूर

एक टॉयलेट पेपर का रोल लें और इसे पानी में गीला कर दें. इसके बीच में लगा गत्ता निकाले लें. हल्के हाथों से टिश्यू का पानी निचोड़ लें. अब एक एल्यूमिनियम फॉइल लें. उस पर टॉयलेट पेपर को तोड़ लें. इसे फैलाने के बाद इस पर थोड़ा-सा डिटर्जेंट, रोज वॉटर और नींबू के छिलके डाल दें. एल्युमिनियम फॉइल को लपेटकर इसे टॉयलेट में रख लें. इसे बदबू दूर हो जाएगी.

### विनेगर से करें छिड़काव

विनेगर यानी सिरका बहुत काम की चीज है. यह नेचुरल एयर फ्रेशनर है जो खतरनाक बैक्टीरिया भी खत्म करता है. 4 ग्लास पानी में 1 कप विनेगर डालें. इसमें नींबू या संतरे के छिलके भी डाल सकते हैं. इससे हवा महक उठती है और बीमारियां भी दूर रहती हैं.

### गर्म मसालों से बनाएं रूम फ्रेशनर

गैस पर एक बर्तन में पानी उबालने को रखें. इसमें जायफल, लौंग, दालचीनी, संतरे और नींबू के छिलके डाल दें. जब पानी अच्छी तरह से उबल जाए तो गैस बंद कर दें. पानी ठंडा होने के बाद इसे स्प्रे बॉटल की मदद से घर में छिड़क दें. इसकी अरोमा पूरे घर को महका देती है.

# टैनिंग से लेकर मुहासे तक...!

## गर्मी में रूखी-सूखी त्वचा का कैसे करें देखभाल?

मौसम में परिवर्तन होने का असर हमारे शरीर और सेहत पर भी पड़ता है, जिससे बचने के लिए हमें अपने चेहरे और सेहत का खास ख्याल रहना बेहद जरूरी है. पलामू में इन दिनों काफी ज्यादा गर्मी पड़ रही है. ऐसे में स्किन का देखभाल उतना हीं जरूरी है, जितना कि स्वास्थ्य. क्योंकि इस सीजन में धूप, धूल, पसीना कई तरह के नुकसान भी पहुंचाते हैं, जिससे बचने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकते हैं.



### गर्मी में त्वचा की देखभाल क्यों जरूरी

अरुणा भसीन बताती हैं कि गर्मी के दिनों में मौसम में धूप, उमस और धूल के कारण त्वचा रूखी, सुखी और बेजान हो जाती है. इसके साथ पसीना आने से मुंहासे, जलन समेत कई समस्या आ जाती है, जिससे बचने के लिए चेहरे का देखभाल करना बेहद जरूरी है.

### अपनाएं घरेलू नुस्खे

आगे कहा कि गर्मी के दिनों में चेहरे की ठंडक रखने के लिए मुल्तानी मिट्टी बेहद कारगर साबित होती है. इसके लिए आप दो चम्मच मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल में मिलाकर चेहरे पर लगा सकते हैं. इसके अलावा आप इसमें एलोवेरा जेल भी लगा सकते है, जिसके 15 मिनट के बाद चेहरे को अच्छी तरह धो लें, जो की चेहरे को ठंडक प्रदान करता है. इसके अलावा गर्मी के सीजन में आप पानी वाले फल का ज्यादा सेवन करें. ये आपके चेहरे के लिए बेहद फायदेमंद होता है.

### दही हल्दी का लगाएं पेस्ट

आगे कहा कि गर्मियों में चेहरे पर टैनिंग होने की संभावना होती है.जिससे बचने के लिए आप दही हल्दी का पेस्ट तैयार कर सकते है. इसके लिए दही हल्दी को मिलकर पेस्ट बना लें.इसके बाद इसका लेप चेहरे पर लगाएं, जिसके 15 मिनट बाद चेहरे को धो लें. आपको टैनिंग की समस्या से छुटकारा मिलेगा. वहीं धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीम जरूर लगाए.जो स्किन को पूरी तरह प्रोटेक्ट करता है.

### एलोवेरा जेल चेहरे के लिए फायदेमंद

उन्होंने कहा कि गर्मियों में शरीर को हाइड्रेटेड रखना बेहद जरूरी है. इस लिए गर्मियों में कमसे कम 8 से 10 ग्लास पानी जरूर पीएं. वहीं ताजा एलोवेरा लेकर चेहरे पर लगाएं जिसे सूखने के बाद 15 से 20 मिनट में धो लें, जो की टैनिंग और स्किन इरीटेशन को दूर करता है.धूप में निकलने से पहले चेहरे को साफ जरूर करें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## संक्षेप...

### बदलापुर में भंगार की दुकान में भीषण आग

**बदलापुर.** बदलापुर में पनवेल रिंग रोड के किनारे एक रिहायशी इलाके के पास स्थित एक पुरानी भंगार की दुकान में शाम को भीषण आग लग गई. इस घटना में कबाड़ सामग्री में आग लगने से आग ने भीषण रूप ले लिया. हालांकि इस घटना में जनहानि का कोई समाचार है.

बदलापुर के पूर्व में प्रमुख राजमार्ग, पनवेल रिंग रूट के किनारे कई बड़े आवासीय परिसर बने है.रविवार शाम को इसी इलाके में एक कबाड़ की दुकान में आग लग गई. दमकल विभाग को सूचना मिलते ही वह पहुंच गई, कुछ ही घंटों में आग पर काबू पा लिया. अनुमान लगाया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी. फिलहाल, अग्निशमन विभाग इस स्थान पर आग बुझाने का काम कर रहा था.

# ‘फिल्म देखकर जागे हिंदू किसी काम के नहीं’

## गुढ़ीपाड़वा रैली में राज ठाकरे बोले- हमें सिर्फ औरंगजेब की चिंता



**मुंबई.** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने औरंगजेब की कब्र को लेकर कथित तौर पर सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयासों की रविवार को निंदा की और कहा कि इतिहास को जाति और धर्म के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से इतिहास से जुड़ी जानकारियों के लिए व्हॉटसऐप पर आने वाले संदेशों पर निर्भर न रहने को कहा।

राज ठाकरे ने शिवाजी पार्क में वार्षिक गुड़ी पड़वा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुगल शासक एक विचार को मारना चाहते थे और वह है शिवाजी लेकिन असफल रहे। उन्होंने कहा कि बीजापुर के सेनापति अफजल खान को प्रतापगढ़ किले के पास दफनाया गया था और यह छत्रपति शिवाजी महाराज की अनुमति के बिना संभव नहीं था।

राज ठाकरे ने लोगों से उकसावे में नहीं आने और विचलित न होने का आग्रह करते हुए कहा कि शिवाजी से पहले और शिवाजी के बाद के युगों में सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां भिन्न थीं। राज ठाकरे ने यह भी कहा है कि फिल्म देखकर जागने वाले हिंदू बेकार हैं। उन्होंने कहा, ‘‘हम मौजूदा समय के असली मुद्दों को भूल गए हैं। एक फिल्म देखकर जागने वाले हिंदू किसी काम के नहीं हैं। क्या आपको विक्की कौशल को देखकर संभाजी महाराज के बलिदान के बारे में और अक्षय खन्ना को देखकर औरंगजेब के बारे में पता चला?’’

ठाकरे ने कहा कि आपको व्हॉटसऐप पर इतिहास समझ में नहीं आता। इसके लिए आपको किताबें पढ़नी होंगी। अब कोई भी इतिहास के बारे में बात नहीं करने लगा है। वे विधानसभा में भी औरंगजेब के बारे में बात करते हैं।”

राज ठाकरे ने कहा, “वर्तमान स्थिति में मूल मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सभी मुद्दे भटक रहे हैं। हमें जंगल की चिंता नहीं है, हमें पानी की चिंता नहीं है। हमें सिर्फ औरंगजेब की चिंता है। वह अंगूर खा रहा है और हम लड़ रहे हैं। औरंगजेब की कब्र बनी रहनी चाहिए या उसे तोड़ा जाना चाहिए? ये मुद्दे अभी कैसे आ गए?”

राज ठाकरे ने आगे कहा, “क्या हमें अपनी स्थिति में सुधार नहीं करना चाहिए? अब समय बदल गया है, जनसंख्या बढ़ गई है। पहले चीजें अलग थीं। अब स्थिति अलग है। एक हजार साल पहले चीजें अलग थीं। अब स्थिति अलग है। अब, क्या हम इस तरह के अनुष्ठान करने के लिए घाट पर जगह नहीं बना सकते थे? फिर वे कहते हैं कि लोग सुन नहीं रहे हैं। हमारी नदियाँ साफ रहनी चाहिए। हम धर्म के नाम पर नदियों को नष्ट कर रहे हैं। हमारे धर्म में सुधार होना चाहिए।”

### गंगा को साफ करने वाले पहले व्यक्ति राजीव गांधी थे- मनसे प्रमुख

मनसे प्रमुख ने महाकुंभ मेले पर बात करते हुए कहा, “पिछले कुछ दिनों में कुछ घटनाएं हुई हैं। मुझे आपको उनके बारे में बताना चाहिए। उस दिन जब मैंने कुंभ मेले में भाषण दिया था, तो कुछ हिंदुत्ववादियों ने सोचा कि मैंने कुंभ मेले का अपमान किया है। हमारे देश में नदियों की भयानक स्थिति है, जिन्हें हम अपनी मां कहते हैं, हमारे शासकों द्वारा उनकी अनदेखी की जा रही है। मुझे याद है कि गंगा को साफ करने वाले पहले व्यक्ति राजीव गांधी थे। तब से लेकर अब तक गंगा साफ हो गई है, लेकिन कुछ नहीं हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी यही कहा है। उत्तर से कई लोग मेरे पास आए हैं। वहां स्नान करने वाले कई लोग बीमार पड़ गए हैं।”

# गुढीपाडवा के मौके पर 86,814 वाहनों का हुआ पंजीकरण



**मुंबई.** मुंबई समेत पूरे राज्य में गुड़ी पड़वा से चैत्र नवरात्र और हिंदू नववर्ष की शुरुआत पर रिकॉर्ड पर वाहनों की बिक्री हुई। राज्य सरकार तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में गुढीपाडवा के अवसर पर पिछले 7 दिनों में बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और अन्य वाहनों की नई खरीद का पंजीकरण किया गया है। 2024 की तुलना में इस वर्ष वाहनों के पंजीकरण में 30 फीसदी की वृद्धि हुई है।

गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर कई नागरिक नए वाहन खरीदते हैं, और इन वाहनों का पंजीकरण संबंधित क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों के तहत किया जाता है। नागरिकों में वाहन खरीदने का उत्साह देखा गया, जिसके कारण इस वर्ष वाहन पंजीकरण में 30 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में 20,057 अधिक वाहन खरीदे गए हैं।

चार पहिया कार श्रेणी में, 2025 में 22,081 वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 4,942 अधिक है। यह 28.84% की वृद्धि दर्शाता है। इसी तरह, मोटरसाइकिल और स्कूटर सहित दोपहिया वाहन श्रेणी में, 2025 में नागरिकों द्वारा 51,756 नए वाहन खरीदे गए हैं। पिछले वर्ष यह संख्या 40,675 थी। इसमें 11,081 की वृद्धि हुई है, जो 27.14% अधिक पंजीकरण को दर्शाती है। राज्य में सबसे अधिक वाहन पंजीकरण पांच प्रमुख परिवहन कार्यालयों के तहत हुआ। इनमें पुणे परिवहन कार्यालय में 11,056 पंजीकरण, पिंपरी-चिंचवड़ परिवहन कार्यालय में 6,648, नासिक में 3,626, मुंबई (मध्य) परिवहन कार्यालय में 3,154, और ठाणे परिवहन कार्यालय में 3,107 वाहन पंजीकरण किए गए, यह जानकारी परिवहन विभाग द्वारा दी गई।

# गुढ़ीपाड़वा पर भिवंडी में निकाली गई स्वागत यात्रा

- युवको, महिलाओं द्वारा धार्मिक, पर्यावरण की हुई जनजागृति

⏩उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** नववर्ष गुढी पाडवा मौके पर भिवंडी शहर के विविध भाग में भारी जलाघोष के साथ शोभा स्वागत यात्रा गाजेबाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई.नववर्ष स्वागत यात्रा में शामिल तमाम लोग पर्यावरण रक्षण, वृक्षारोपण करें,पानी बचत, स्वच्छता, आरोग्य संबंधित जागरूकता के फलक लेकर नागरिकों को जागरूकता प्रदान करते देखे गए.नववर्ष शोभायात्रा में राकांपा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा, भाजपा विधायक महेश चौगुले,भाजपा जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल,शिवसेना शहर प्रमुख सुभाष माने, कांग्रेस वरिष्ठ नेता प्रदीप राका,भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी,पूर्व प्राचार्य रामदास पाटिल, निलेश आलशी,ठाकरे गट शहर प्रमुख मनोज गगे,पत्रकार शरद भसाले,पीड़ी यादव सहित भारी तादाद में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, नववर्ष गुडी पाडवा के पावन पर्व पर प्रतिवर्ष की भांति शहरवासियों द्वारा स्वागत हेतु निकाली गई शोभायात्रा ढोलताशा की सुमधुर धुनों के साथ धूमधाम से निकाली गई.छत्रपति शिवाजी महाराज चौक व स्वागत यात्रा मार्ग पर विविध स्थानों पर आकर्षक गुढी की रंगोली बनाई गई थी.नववर्ष शोभायात्रा का शुभारंभ ब्राम्हण आली गणपती मंदिर से तिलक चौक, काल भैरव मंदिर, वाणी आली, प्रभुआली मंडई,गणपती मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर,पारनाका अंबेमाता मंदिर व शनी मंदिर संत नामदेव महाराज पथ,स्व.सिंधुबाई वसंत भसाले मार्ग,ठाणगे आली, कासार आली से गुजरकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर पहुंची जहां छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ पुतले पर गणमान्य हस्तियों द्वारा पुष्पहार अर्पण कर अभिवादन कर शोभायात्रा का गगनभेदी जल्ला घोष से समापन हुआ.

## घोड़बंदर रोड पर कंटेनर में लगी आग

**ठाणे.** घोड़बंदर रोड के गायमुख इलाके में सोमवार सुबह एक कंटेनर के केबिन में अचानक आग लग गई. कंटेनर में आग लगते ही चालक वाहन छोड़कर भाग गया. बताया गया कि कंटेनर चालक हरियाणा से घोड़बंदर के रास्ते नवी मुंबई प्लाईवुड ले जा रहा था. कंटेनर में 20 टन प्लाईवुड लोड था.सोमवार सुबह करीब सवा छ बजे कंटेनर गायमुख स्थित सीएनजी स्टेशन के नजदीक पहुंचा, तभी कंटेनर के केबिन से से अचानक धुआं निकलने लगा.

# पालघर में केरोसिन टैंकर फ्लाईओवर से गिरा

- केरोसिन सड़क पर फैलने से आग लगी
- मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर जाम लगा



**पालघर.** मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर केरोसिन से भरा एक टैंकर फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। इससे ट्रक में आग लग गई। घटना पालघर के मानोर इलाके में मसाण नाका के पास रविवार शाम लगभग 5 बजे की है।

हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। यह पूरी घटना पास लगे कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं।

घटना स्थल पर मौजूद लोगों के मुताबिक, ड्राइवर ने टैंकर पर कंट्रोल खो दिया था, जिससे बेकाबू टैंकर फ्लाईओवर के किनारे से टकराकर बीस फीट की ऊंचाई से सीधे पुल के नीचे सर्विस रोड पर जा गिरा और टैंकर में तुरंत आग लग गई।

### नेशनल हाईवे 2 घंटे तक बंद रहा

घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को हादसे की जानकारी दी। जिसके बाद अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। हादसे की वजह से हाईवे 2 घंटे तक बंद रहा। इसके बाद हाईवे को दोबारा खोल दिया गया। प्रशासन का कहना है कि फिलहाल, इस हादसे की जांच जारी है। पता लगाया जा रहा है कि टैंकर ड्राइवर ने नियंत्रण कैसे खोया और आग कैसे लगी। जल्द ही पूरी रिपोर्ट सामने आएगी।

### लोगों को पसंद आ रहा एलिवेटेड फॉरेस्ट वॉकवे

**मुंबई.** एलिवेटेड फॉरेस्ट वॉकवे मुंबईकरों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहा है. इसका उद्घाटन रविवार, 30 मार्च 2025 को हुआ और उस दिन से बड़ी संख्या में पर्यटक और नागरिक इसे देखने जा रहे है. 31 मार्च 2025 को सार्वजनिक छुट्टी होने के बावजूद ऑनलाइन टिकट पंजीकरण के सभी स्लॉट फुल (हाउसफुल) रहे. यहां तक की नागरिकों ने अगले सप्ताह के लिए भी अग्रिम टिकट पंजीकृत करा रखी है.

मिली जानकारी के अनुसार, पहले दिन (30 मार्च, 2025) 1,053 नागरिकों और पर्यटकों ने नेचर ट्रेल का आनंद लिया. इस टिकट पंजीकरण से 26,925 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. तो वहीं 31 मार्च 2025 को 2,346 नागरिकों और पर्यटकों ने इस स्थल का दौरा किया. इस पंजीकरण से 60,300 रुपये का राजस्व उत्पन्न हुआ है .

## राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत रोगियों के लिए

# नई उपचार विधियों पर चिकित्सा अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण



**ठाणे.** जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं (क्षय रोग और कुष्ठ रोग) पुणे के दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला क्षय रोग अधिकारी ठाणे डॉ. ए. एस. मुंजाल के मार्गदर्शन में 13 मार्च को भिवंडी के कोन गांव श्री प्रसाद होटल में 45 डॉक्टर और 45 नर्स मौजूद थे।

डॉक्टर्स फॉर यू के सहयोग से 27 मार्च को एस 3 होटल, अंबरनाथ बदलापुर रोड, चिखली, अंबरनाथ में 65 डॉक्टरों के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सलाहकार डॉ. अविनाश जाधव ने क्षय रोग कार्यक्रम में नई उपचार पद्धतियों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया और डॉ. राजाभाऊ येवले ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) में निजी चिकित्सकों की भागीदारी और इसके महत्व पर प्रशिक्षण दिया। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. ए.एस. मुंजाल ने परिचय देते हुए कहा कि कार्यशाला दैनिक कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।भिवंडी आई. एम. संगठन के अध्यक्ष डॉ. भूषण कुलकर्णी, अंबरनाथ आई. एम. ए. संगठन के अध्यक्ष डॉ. गणेश राठौड़, डॉ. जनरल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हरेश लापसिया, शैलेन्द्र गायकवाड़, चेस्ट स्पेशलिस्ट डॉ. रेखा जाजो, पैथोलॉजिस्ट डॉ. अनिरुद्ध रणदिवे, डॉ. समीर कुलकर्णी, डॉक्टर्स फॉर यू के प्रोग्राम मैनेजर संकेत गायकवाड़ और अन्य उपस्थित थे।इस अवसर पर ठाणे की मेडिकल ऑफिसर डॉ. तारुलता धानके ने आभार व्यक्त किया।

### KDMC ने काट दी कल्याण रेलवे स्टेशन की जलापूर्ति

**कल्याण.** मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण स्टेशन कल्याण की जलापूर्ति स्थानीय निकाय अधिकारियों ने एक दिन के लिए काट दी क्योंकि 4.41 करोड़ रुपये के बकाया भुगतान नहीं किया गया था, केडीएमसी के संबंधित अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी, अधिकारियों ने बताया कि शनिवार शाम को जलापूर्ति काट दी गई थी, लेकिन रेलवे अधिकारियों द्वारा 1.17 करोड़ रुपये के मौजूदा बिल के भुगतान की प्रक्रिया शुरू किए जाने के बाद रविवार को आपूर्ति बहाल कर दी गई, स्थानीय निकाय ने एक विज्ञप्ति में बताया कि कल्याण डोंबिवली महानगर पालिक (केडीएमसी) की ओर से पूर्व में सूचना दिए जाने के बावजूद, रेल अधिकारियों ने बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जिसके कारण सहायक मनपा आयुक्त सचिन तामखेडे ने कल्याण रेलवे स्टेशन की जलापूर्ति काट दी. विज्ञप्ति में कहा गया कि बाद में, स्थानीय निकाय के साथ तत्काल चर्चा के उपरांत रेलवे अधिकारियों ने 1 करोड़ 17 लाख रुपये के बिल के भुगतान की.

## ठाणे में राष्ट्रीय नेताओं की मौजूदगी में

# भाजपा संगठन पर्व की समीक्षा बैठक



- मार्गदर्शन राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह व शिव प्रकाश ने किया

**ठाणे.** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव व सांसद अरुण सिंह और राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री शिव प्रकाश ने भाजपा की संगठनात्मक स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। इस बैठक में अब तक हुए संगठनात्मक चुनाव कार्यों के साथ-साथ पार्टी के आगे के कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

भाजपा के ठाणे क्षेत्रीय कार्यालय में पहुचे।प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की मौजूदगी में ठाणे मंडल स्तर पर किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पार्टी की संगठनात्मक मजबूती को लेकर कई निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मंच पर राज्य के वन मंत्री गणेश नाईक, चुनाव अधिकारी चैनसुख संचेती, प्रदेश महासचिव माधवी नाईक, ठाणे जिला अध्यक्ष संजय वाघुले उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।दिनभर चली समीक्षा बैठक में पार्टी के सभी विधायक, जिला अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# रैंप वॉक के लिए ट्रोल हुईं जाह्नवी

- यूजर्स बोले- मॉडल काइली जेनर को कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं एक्ट्रेस



जाह्नवी कपूर अप पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं। इसमें उन्होंने रैंप वॉक की, लेकिन उन्हें ट्रोलिंग व सामना करना पड़ा।

जाह्नवी कपूर ने 29 मार्च को फैशन डिज राहुल मिश्रा के लिए लैक्मे फैशन वीक में बतौर श स्टॉपर वॉक की। इस वॉक के समय एक्ट्रेस ने शिमरी ऑफ थ हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। कई सोशल मीडिया यूजर्स व उनका वॉक पसंद नहीं आया। एक्ट्रेस अपनी वॉक के लि सोशल मीडिया पर काफी ट्रे रही हैं।

### वॉक के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

एक्ट्रेस ने अपना लुक मिनिमल एक्सेसरीज के साथ एलीगेंट रखा था और सिर्फ स्टेटमेंट ईयरिंग्स कैरी किए थे। खुल बाल, स्मोकी आ ेनिमल मेकअप में जाह्नवी काफी स्टनिंग लग रही थीं। वी कपर के वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर नकर वायरल हो रही हैं।

### यूजर्स के मिले-जुले रिएक्शन सामने आए

ोशल मीडिया पर सामने वीडियो पर लोगों के मिले-जुले रिएक्शन सामने आ रहे हैं। कुछ लोगों को उनका कॉन्फिडेंस लुक बहुत पसंद आ रहा है। लेकिन कुछ को उनके वॉक करने का स्टाइल बिल्कुल पसंद नहीं आया। एक यूजर ने लिखा, ‘सक्सेसफुल है ना इसलिए थोड़ा कॉन्फिडेंस अच्छा है, वरना इसक पाछ वाली इससे ज्यादा खूबसूरत है।’

### एक्ट्रेस की वॉक को सबसे खराब बताया

एक और यूजर ने लिखा, ‘मुझे तो पीछे वाली मैडम को खना था लेकिन वीडियो खत्म गया।’ वहीं, एक ने कहा कि वी फेमस मॉडल काइली जेनर को कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं। कुछ लोगों ने उनकी वॉक को सबसे खराब वॉक भी बताया है।

# मुंबई में दो टाइम झाड़ू लगाने का लिया निर्णय

मुंबई. मनपा प्रशासन ने अब पूरे मुंबई में दो टाइम झाड़ू लगाने का निणर्य लिया है। अभी तक मुंबई के ए वार्ड और डी वार्ड में आने वाले परिसर में दोनों टाइम झाड़ लगती थी। बता दें कि बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए मनपा प्रशासन ने मुंबई में दो टाइम झाड़ू मारने का निणर्य लिया है। मनपा का कहना है कि दोनों टाइम झाड़ू मारने पर मनपा को लगभग 19 करोड़ का अतिरिक्त भार पड़ेगा।

मनपा का कहना है दोनों टाइम झाड़ मारे जाने से मुंबई के पर्यावरण को फायदा मिलेगा। झाड़ से साफ़ सफाई करने से मिटर्टी की सफाई होगी, जिससे धुल उड़ने के प्रमाण में कमी आएगी। मनपा का मानना है कि जिसका फायदा पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने में होगा।

मनपा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकरी दी कि मुंबई में दोनों टाइम झाड़ू मरने पर खर्च में कोई खास अधिक भार नहीं पड़ेगा मात्र 20 करोड़ खर्च होगा लेकिन इसका पर्यावरण को अधिक होगा। अधिकारी ने कहा कि पूरे मुंबई में दोनों समय झाड़ लगने से इसका फायदा मनपा के स्वच्छता अभियान पर पड़ेगा और लोगो में भी स्वच्छता को लेकर जागरूकता होगी।

### शाहू बोर्डिंग के लिए 50 लाख रुपए का दान

**नवी मुंबई.** सातारा स्थित कर्मवीर अण्णा एवं लक्ष्मी वाहिनी छात्रावास में भित्ति चित्र का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व सांसद रामशेठ ठाकुर ने यहां के शाहू बोर्डिंग को सुविधाओं से संपन्न बनाने के लिए 50 लाख रुपए का दान देने की घोषणा की. इस कार्यक्रम में रयत शिक्षण संस्थान के चेयरमैन चंद्रकात दलवी, डॉ. अनिल पाटिल, विकास देशमुख, वाई.टी देशमुख आदि उपस्थित थे. इस अवसर पर बोलते हुए रामशेठ ठाकुर ने डॉ. अनिल पाटिल की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि डॉ. अनिल पाटिल ने शाहू बोर्डिंग को नया रूप दिया है. उक्त कार्यक्रम के उपरांत यहां पर रयात शिक्षण संस्थान के छत्रपति शिवाजी कॉलेज पूर्व छात्र संघ की कार्यकारी मंडल की बैठक हुई.







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099